श्रेष्ठ सुप्रभात

अपनी आलोचना
का जवाब जबान से नही,
अपने महत्वपूर्ण कार्यों से दो।

-आचार्य महाश्रमण

# NEXT
NEWS EXCELLENT TODAY

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| श्री डूंगरगढ़ | 22.0 | 6.0 |
| बीकानेर | 22.0 | 6.0 |
| जयपुर | 23.0 | 8.0 |

E- Paper NEXT 0003

newsexcellenttoday.com | 14 दिसंबर 2024, शनिवार | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी- 2081


## कस्बे में शुरू हुई रामकथा, उमड़े रामरसिक

### भव्य कलश यात्रा में जमकर उड़ाया गुलाल, लगाए गगनभेदी राम के जयकारें

**NEXT ।** श्रीडूंगरगढ़ कस्बे में शुक्रवार से शुरू हुई 9 दिवसीय रामकथा के लिए सुबह आडसर बास स्थित श्रीराम मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सैंकड़ों महिलाओं ने सिर पर नारियल कलश रखकर राम के जयकारे लगाए। बैंड की मधुर स्वरलहरियों में सैंकड़ों श्रद्धालु झूमते गाते और गुलाल उड़ाते हुए कलश यात्रा में शामिल हुए।

सुबह 10 बजे शुरू हुई कलश यात्रा श्रीराम मंदिर से होते हुए गौरव पथ, गांधीपार्क, मुख्य बाजार और



प्रमुख मार्गों से होते हुए 12:30 बजे आयोजन स्थल आडसर बास माहेश्वरी भवन पहुंची।

आयोजन के संयोजक हनुमानमल कलाणी ने बताया कि 9 दिनों तक भरतशरण महाराज द्वारा रामकथा का वाचन किया जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक कथा का वाचन किया जाएगा।

## जलदाय विभाग अवैध कनेक्शन और बकाया के खिलाफ सख्त

### नोटिस देने के साथ कनेक्शन काटने की तैयारी

**NEXT ।** जलदाय विभाग के बकाया नहीं भरने वाले उपभोक्ताओं पर अब जल्दी ही विभागीय गाज गिरने वाली है। विभाग के कनिष्ठ अभियंता बजरंग पड़िहार ने NEXT को जानकारी देते हुए बताया कि कस्बे में जिन उपभोक्ताओं के बिल बकाया है उनके लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत प्रथम नोटिस देने के तीन दिन बाद एक और नोटिस दिया जाएगा। इसके बाद भी उपभोक्ता द्वारा बकाया जमा नहीं करवाया जाता है तो कनेक्शन काटने की कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही जिला टीम को आगामी कार्यवाही के लिए सूचित कर दिया जाएगा। इसमें पीडीआर एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी। गौरतलब है कि जलदाय विभाग द्वारा अभियान को शुरू कर दिया गया है। इस टीम में कनिष्ठ अभियंता बजरंग पड़िहार के साथ कार्मिक मनोज कुमार, परमेश्वर पालीवाल, कंवरा राम मौजूद रहे।

**अवैध कनेक्शन पर विभाग की तिरछी नजर**

जेईएन पड़िहार ने बताया कि अवैध



कनेक्शनों के लिए विभाग कठोर कदम उठाने वाला है। कस्बे में जिन घरों में अवैध कनेक्शन हैं, उनका जयपुर टीम द्वारा सर्वे किया जाएगा और भारी पेनल्टी इन अवैध कनेक्शन के कारण चुकानी पड़ेगी। इसके साथ ही ऐसे घरों के बाहर विभाग द्वारा निशान भी लगाया जाएगा।

## महिला शक्ति की बैठक में सौंपी जिम्मेदारी



**NEXT ।** भगवान राम के प्रांगण में शक्ति स्वरूपा महिलाओं ने सनातन धर्म के प्रसार का जिम्मा उठाया। कस्बे के आडसर बास स्थित श्री राम मंदिर में मातृशक्ति की एक बैठक का आयोजन विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक भंवरलाल दूगड़ की अध्यक्षता में हुआ।

इसमें बजरंग दल जिला संयोजक वासुदेव सारस्वत, प्रखंड मंत्री दीपक सेठिया, नगर मंत्री मनीष नौलखा, दुर्गा वाहिनी संयोजिका लक्ष्मी सुथार, छात्रा प्रमुख भाग्यश्री सोनी एवं 20 बहनें मौजूद रही।

बैठक में नई कार्यकरिणी का गठन हुआ जिसमें मीनाक्षी डागा संयोजिका और मीना मोरवानी सहसंयोजिका मनोनीत हुई। सत्संग प्रमुख भगवती पारीक व सहसत्संग प्रमुख सुमन मोदी व ममता देवी सोनी को सेवा प्रमुख नियुक्त किया गया। संरक्षक भंवरलाल दूगड़ और वासुदेव ने मातृशक्ति द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में चर्चा करते हुए साप्ताहिक व मासिक सत्संग में अधिकाधिक बहिनों को जोड़ने की प्रेरणा दी। प्रखंड मंत्री दीपक सेठिया ने सभी का आभार जताया।

## मोमासर में हुआ ग्राम पंचायत भवन और विश्राम गृह का लोकार्पण

### सरपँच के विकास कार्यों को मिली सराहना

**NEXT ।** शुक्रवार को ग्राम पंचायत मोमासर में ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण विधायक ताराचंद सारस्वत ने किया और इस दौरान सरपंच सरितादेवी संचेती लोकार्पण में साथ रही। विधायक ने भवन की सराहना करते हुए अपने एक वर्ष के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों को गिनवाया। बस स्टैंड पर नवनिर्मित विश्राम गृह का लोकार्पण निर्माता भामाशाह आनंद डागा ने किया। लोकार्पण समारोह में पंचायत भवन के निर्माणकर्ता भामाशाह कन्हैयालाल जैन के संदेश वाचन किया गया। पुष्पा नाहटा ने सरपंच सरिता देवी संचेती के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए इसे गांव के विकास का स्वर्णिम काल बताया। मंच पर अतिथि के रूप में साहित्यकार श्याम महर्षि, तहसीलदार कुलदीप मीणा, बीडीओ मनोज धायल, दानदाता सुशील कुहाड़ भी मौजूद रहें। समारोह में केएल जैन के प्रतिनिधि हंसराज पटावरी, महेंद्र संचेती, करणीदान नाहटा, नगराज तातेड़, भौमराज डागा, नोरतनमल सेठिया, बंशीधर शर्मा, हीराराम खटीक, गोमदराम बैरा, रामूराम



गोदारा, मनोज कुमार संचेती, मोहित कुमार, सरपंच व विधायक सहित गांव के भामाशाहों, ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। उपसरपंच जुगराज संचेती ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार सत्यदीप भोजक ने किया। कार्यक्रम में गजानंद प्रजापत, गोपी नाई, विद्याधर शर्मा, भंवरलाल डागा, मूलचंद इंदौरिया, गोविंदराम सेठिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

**ग्रामीणों ने विधायक से मांगा पानी व सड़क**

गांव के सामाजिक कार्यकर्ता विद्याधर शर्मा ने बताया कि विधायक ताराचंद सारस्वत से ग्रामीणों ने वाया मोमासर जोरावरपुरा से आडसर की सड़क और ट्यूबवैल निर्माण करवाने की मांग भी रखी। विधायक सारस्वत ने सकारात्मक आश्वासन दिया।

## चेक अनादरण के बारे में जाने

### पराक्राम्य लिखत अधिनियम 188 की धारा 138 (NI एक्ट सेक्शन 138)

**NEXT ।** कई बार किसी व्यक्ति के चेक बैंक में लगाने पर अनादरित हो जाते हैं। ऐसे में पीड़ित पक्ष को न्यायालय द्वारा न्याय मिल सकता है। तो आज हम चेक अनादरण मामले पर जानते है **एडवोकेट दीपिका सोनी** से।

चेक अनादरण मामला उस व्यक्ति पर लागू होता है जिसने यह चेक अपनी देनदारी के एवज में दिया हो और वह अनादरित हो जाता है।चेक अनादरण का मामला निम्न बिंदुओं से हम समझ सकते हैं-

1. चेक किसी ऋण या भुगतान को करने के लिए जारी किया हुआ हो।
2. चेक जारी करने के 3महीने के भीतर बैंक में प्रस्तुत किया गया हो।
3. चेक पर्याप्त धनाभाव और चेक देने वाले व्यक्ति की दुर्भावनापूर्ण आशय के कारण रिटर्न हुआ हो।
4. चेक अनादरण होने के बाद इसकी सूचना 30दिनों के भीतर चेक जारी करने वाले को एक कानूनी नोटिस 15दिनों की अवधि का दिया जाना आवश्यक है।
5. उक्त नोटिस रजिस्टर्ड डाक पते पर जारी किया जावे।
6. नोटिस देने के बाद चेक जारी करने वाला पयमेंट नहीं करता है तो 30दिनों के भीतर न्यायालय में परिवाद पेश करना जरूरी है।
7. उपरोक्त में कोई भी शर्त पूरी नहीं होती है तो अनादरण वाला मामला नहीं होगा।
8. चेक जारी करने वाला न्यायालय के समक्ष दोषी साबित हो जाता है तो उसे 2वर्ष तक की सजा और चेक की राशि से दोगुनी राशि हर्जाने के रूप में भरने की सजा मिल सकती है।



एडवोकेट दीपिका सोनी: एडवोकेट दीपिका सोनी ने लॉ में मास्टर डिग्री हासिल कर रखी है। ये एक सामाजिक कार्यकर्ता होने के साथ न्याय क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही है। ये वरिष्ठ एडवोकेट मोहनलाल सोनी की पुत्रवधु है और वर्तमान में राजस्थान जुडिशल सर्विस की तैयारी में संलग्न है।

### नगरपालिका की साधारण सभा में कस्बे की चरमराती सफाई व्यवस्था पर एक हुए पक्ष-प्रतिपक्ष

## 80 लाख से 200 लाख की सफाई व्यवस्था पर जनता हैरान

**NEXT ।** गत वर्ष सफाई का टेंडर 80लाख रुपये था और इस वर्ष 2करोड़ रुपये सालाना हो गया है। परन्तु सफाई का कहीं नामोनिशान तक नहीं है।" यह कहना था पार्षद और भाजपा नेता विनोदगिरी गुसाईं का। शुक्रवार को नगरपालिका की साधारण आम सभा में पालिकाध्यक्ष मानमल शर्मा की अध्यक्षता में बैठक शुरू हुई। बैठक में अनेक मुद्दों पर पक्ष और प्रतिपक्ष में तीखी नोकझोंक हुई परन्तु सफाई व्यवस्था के नाम पर फैली बदहाली को लेकर सभी एकमत नजर आए। मंचासीन पालिकाध्यक्ष के साथ ईओ अविनाश शर्मा ने पार्षदों के समक्ष सफाई व्यवस्था दुरस्त करने का



आश्वासन दिया। सत्ता पक्ष के पार्षदों ने भी कस्बे में चरमराती सफाई व्यवस्था और अनदेखी के शिकार हुए ताल मैदान के मुद्दे को खूब उठाया। नेता प्रतिपक्ष अंजू पारख ने मोमासर बास के निजी हॉस्पिटल के पास फैली गंदगी और दमघोंटू बदबू से आमजन के जीवन को दूभर होने की बात कहते हुए शीघ्र समाधान का कहा। पार्षद सोहनलाल ओझा ने पालिका की नजूल भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों को हटाने की बात कही।